तापमान
अधिकतम 25 .5 डिग्री
न्यूनतम 2.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार 17 जनवरी 2026

12 दिन व रात के तापमान में वृद्धि, तेज धूप खिलने से चढ़ा पारा



12 आईएमटी के बनने से क्षेत्र में विकास के नए द्वार खुलेंगे और युवाओं को रोजगार होगा उपलब्धः राव



## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### बिजली पेंशनर्स एसोसिएशन 23 को मनाएगी बसंत उत्सव

रेवाड़ी। हरियाणा बिजली पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन यूनिट की मासिक मीटिंग हरिओम अग्रसेन हॉस्पिटल में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता एम के शर्मा ने की व मंच संचालन प्रधान नरेंद्र रोहिल्ला ने किया। मीटिंग में एलटीसी सुविधा व न्यायालय के निर्णयों के बारे चर्चा की गई। इस मौके पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 23 जनवरी को बसंत पंचमी के पर्व पर मां सरस्वती पूजा व बाबा संत नामदेव बिट्ठल भगवान की पूजा की जाएगी। 26 जनवरी को सुबह 11 बजे अस्पताल व हिमालय परिवार के सदस्यों के साथ गणतंत्र दिवस समारोह पर झंडा फहराया जाएगा। मीटिंग में राजेंद्र शर्मा, सुरेन्द्र सिंह यादव, ओपी सोलंकी, प्रभुदयाल, जिले सिंह, बनवारी लाल, विजय डाबला, रामपाल, राजेंद्र सिंह, सूरत सिंह, ऋषि लाल व ईश्वर सिंह उपस्थित थे।

### अवैध शराब सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। जिला पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा पुलिस टीम ने जिला गुरुग्राम के गांव बोहडा कलां निवासी आरोपी रामचन्द्र को 12 बोतल देशी शराब सहित काबू किया है। थाना रामपुरा पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र से एमपी के जिला छतरपुर के गांव चंदला हाल किरायेदार मोहल्ला लक्ष्मी नगर निवासी आरोपी रतन को 61.5 बोतल देशी शराब सहित काबू किया है। तीसरे मामले में थाना शहर पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र से मोहल्ला इंद्रा कॉलोनी निवासी आरोपी विशु उर्फ बुगल को 14.25 बोतल देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है।

### बाल भवन डिजिटल लाइब्रेरी का सदस्यता पंजीकरण शुरू

रेवाड़ी। जिला बाल कल्याण परिषद् की ओर से विद्यार्थियों व युवाओं के शैक्षणिक विकास को ध्यान में रखते हुए बाल भवन डिजिटल लाइब्रेरी की सदस्यता कुछ सीमित सीटों के लिए एक सप्ताह के लिए खोली गई है। जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेन्द्र यादव ने बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी की सदस्यता के लिए इच्छुक युवा अपना पंजीकरण करा सकते है।

### यादव कल्याण सभा का हेल्थ चैकअप कैंप 18 को

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से 18 जनवरी को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। सभा के प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. एसपी यादव मेडिसिन, डा. सिद्धार्थ यादव हड्डीरोग, डा. करतार सिंह यादव सर्जरी, डा. निशा यादव नेत्र रोग, डा. कोमल यादव दंत रोग, डा. अजीत सिंह यादव चर्म रोग व डा. मनीष यादव ईएनटी में ओपीडी सेवाए प्रदान करेंगे।

### हेयर केयर व हेयर ट्रीटमेंट पर कार्यशाला आयोजित

नारनौल। राजकीय महिला महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ की ओर से डॉ. पारुल गुप्ता के मार्गदर्शन में हेयर केयर एवं हेयर ट्रीटमेंट पर कार्यशाला आयोजित की। यह कार्यक्रम डैजल सैलून संचालक यमन गुप्ता द्वारा संचालित किया गया। विशेषज्ञों ने छात्राओं को बालों की सही देखभाल, स्वच्छता और उपचार से संबंधित उपयोगी जानकारी दी। की मजबूती के लिए केवल बाहरी उत्पाद ही नहीं, बल्कि संतुलित आहार और प्रोटीन की भूमिका सबसे अहम है। बढ़ते प्रदूषण से बालों को बचाने के लिए प्री वॉश रूटीन और प्राकृतिक तेलों के सही इस्तेमाल के बारे जानकारी दी।

नगर परिषद की ओर से स्ट्रीट लाइटों की मेंटेनेंस का टेंडर करने के बाद भी कार्य धीमा

# शहर के कई मार्ग स्ट्रीट लाइटों से जगमग वहीं कई सड़कों पर रात में छाया अंधेरा

## भाड़ावास रोड पर आरओबी व अंडरपास में अभी तक नहीं लगी स्ट्रीट लाइटें, अंधेरे से बढ़ रही लोगों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


सर्दी के मौसम में सुबह व रात के समय कोहरे से जन-जीवन प्रभावित हो रहा है। शहर की सड़कों पर रात के समय अंधेरा छाया रहने से वाहन चालकों के लिए परेशानी हो रही है। हांलाकि नगर परिषद की ओर से स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के लिए नया टेंडर किया जा चुका है, जिसके बाद सरकुलर रोड व सचिवालय रोड सहित कई मार्गों की बंद स्ट्रीट लाइटें चालू कर दी गई है, लेकिन अभी भी शहर के दिल्ली रोड, गढ़ी बोलनी रोड, ब्रास मार्केट व भाड़ावास रोड सहित मोहल्लों व कॉलोनियों में काफी स्ट्रीट लाइटें बंद होने से रात के समय छाया अंधेरा वाहन चालकों व राहगीरों के लिए परेशानी बना हुआ है।

### प्रति वर्ष लाइटों पर होते लाखों खर्च

नगर परिषद की ओर से प्रति वर्ष स्ट्रीट लाइटों के मेंटेनेंस का लाखों का ठेका के बाद भी शहर की सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें बद रहती है। शहर में स्ट्रीट लाइटों के अलावा बिजली पोल पर सौन्दर्यकरण के लिए लगाई गई तिरंगा लाइटें भी कई जगह पर बंद पड़ी हुई है। शहर के सरकुलर रोड, मेन बाजार, गढ़ी बोलनी रोड, दिल्ली रोड, बावल रोड व ओवरब्रिज सहित सहित सभी मार्गों पर तिरंगा लाइटें लगाई गई थी। स्ट्रीट लाइटें व तिरंगा लाइटें खराब होने से शहर की सड़कों पर रात के समय अंधेरा छा रहा है। स्ट्रीट लाइटों के बंद रहने से रात के समय वाहन चालकों को ज्यादा परेशानी हो रही है।




रेवाड़ी। अंडरपास में दिन के समय छाया अंधेरा। फोटो : हरिभूमि




रेवाड़ी। ब्रास मार्केट में रात के समय छाया अंधेरा। फोटो : हरिभूमि

- सर्दी के मौसम में कोहरा पड़ने से रात के समय ओवरब्रिज पर अंधेरा छाया रहने से वाहन चालकों की परेशानी ज्यादा बढ़ गई



रेवाड़ी। अनाजमंडी रोड पर जगमग स्ट्रीट लाइटें।

### भाड़ावास आरओबी में भी अंधेरा

रेवाड़ी-शाहजहांपुर स्टेट हाइवे स्थित भाड़ावास रेलवे फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज को सुचारू रूप से शुरू हुए 6 माह से अधिक समय हो चुका है। ओवरब्रिज के साथ ही रेलवे फाटक पर अंडरपास का निर्माण कार्य भी किया गया था, लेकिन ओवरब्रिज पर स्ट्रीट लाइटें नहीं होने के कारण जहां रात के समय अंधेरा रहता है, वहीं अंडरपास में चालकों को दिन भी वाहनों की लाइट जलाकर गुजरना पड़ रहा है। ओवरब्रिज पर स्ट्रीट लाइटें नहीं होने के कारण हमेशा हादसा होने का डर बना रहता है। सर्दी के मौसम में कोहरा पड़ने से रात के समय ओवरब्रिज पर अंधेरा छाया रहने से वाहन चालकों की परेशानी ज्यादा बढ़ गई है। हरियाणा राज्य सड़क एवं पुल विकास निगम यानि एचएसआरडीसी व रेलवे की ओर से 60 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया आरओबी मई माह में चालू कर दिया गया था, जबकि अंडरपास देरी से चालू किया गया। ओवरब्रिज के बनने से रेवाड़ी-शाहजहांपुर मार्ग पर स्थित सैकड़ों गांवों तथा आसपास की कॉलोनियों के लोगों को काफी राहत मिली है, लेकिन आरओबी पर स्ट्रीट लाइटें नहीं लगने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। समस्या को लेकर स्थानीय लोग डीसी को समाधान शिविर में शिकायत भी दे चुके है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी के आरोपी। फोटो : हरिभूमि

## इन्वेस्टमेंट के नाम पर 9.46 करोड़ की ठगी करने के मामले में तीन और आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस इस मामले में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

रेवाड़ी। साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष गांव पीथनवास निवासी एक व्यक्ति से स्टाक मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच देकर 9.46 करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बिहार के जिला सिवान के गांव नरहिया निवासी संजीव कुशवाह, गांव बडगांव गुघा टोला निवासी संदीप कुमार व रवि कुमार के रूप में हुई हैं। पुलिस इस मामले में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं। गांव पीथनवास निवासी जयकृष्ण आभीर 24 अगस्त 2025 को सोशल मीडिया पर व्हाट्स एप ग्रुप से जुड़ा था, जिसके बाद उसका व्हाट्स पर आरोपियों से संवाद होना शुरू हो गया। आरोपियों ने उससे स्टाक मार्केट में इन्वेसमेंट करने की कहकर एक मोबाइल एप उसके मोबाइल में इंसटाल करा दी। इसके बाद आरोपियों ने उससे विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए अलग-अलग बैंक खातों में कुल 9 करोड 46 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। जब उसने यह राशि वापस निकालने का प्रयास किया तो उससे और पैसा जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का पता चला। पुलिस ने मामले में संलिप्त 6 आरोपी जिला गुरूग्राम के नरहेड़ा निवासी अजय ओमपाल, बिहार के जिला पटना के वैस्टेर रामकृष्णत नगर निवासी पृथ्वी राज चौहान, बिहार के जिला पटना के विकर सैक्सजन कॉलोनी कंकडबाग निवासी तरूणचन्द्रम झां,कोलकाता के गोबरा गोरस्थान रोड निवासी शुभम माली, कर्नाटक के मैसूर के क्रॉस रोड गोसिया नगर निवासी मोहम्मद आफताब व मैसूर के क्रॉस रोड मंडी मोहल्ला हाल आबाद शांति नगर मैसूर निवासी मोहम्मद अबूबकर सिद्धकी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त तीन आरोपी संजीव कुशवाह, संदीप कुमार व रवि कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया हैं।

## दो नव पदोन्नत डिप्टी डीईओ ने संभाला पदभार




रेवाड़ी। पदोन्नत शिक्षा अधिकारियों का स्वागत करते हसला के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

नव पदोन्नत उप जिला शिक्षा अधिकारी संतोष तंवर व डा. राजेंद्र यादव ने शुक्रवार को जिला शिक्षा कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। संतोष तंवर खंड खोल व डा. राजेंद्र यादव नाहड़ खंड के बीईओ रहे है। दोनों ही अधिकारियों का अपने अपने खंडों में उत्कृष्ट योगदान रहा है। इस अवसर प्रदेश उपाध्यक्ष हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन रविंद्र भाकली ने प्रदेश हसला की तरफ से अधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस मौके पर राज्य उपप्रधान हरियाणा प्राथमिक टीचर एसोसिएशन एसोसिएशन धर्मेंद्र यादव, पूर्व जिला पार्षद अमित यादव, जिला गणित विशेषज्ञ अशोक नामवाल, जिला विज्ञान विशेषज्ञ रेनू यादव, खंड नाहड़ के हसला प्रधान प्रमोद यादव, बिल्लू सरपंच लिलोढ़, कुलदीप सरपंच नाहड़, प्राचार्य ईश कुमार, विनोद कुमार, जितेंद्र यादव, विद्याभूषण, प्रवक्ता सतीश जांगिड़, धर्मेंद्र यादव, चंद्रशेखर, उमेद सिंह लिसान, ललित कुमार यादव, नरेंद्र कुमार, दिनेश कुमार व अशोक कुमार मौजूद थे।

- प्रदेश उपाध्यक्ष हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन रविंद्र भाकली ने प्रदेश हसला की तरफ से अधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट किया

## एसडीएम ने किया सैनिक रेस्ट हाउस का निरीक्षण, खामियों में सुधार के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

एसडीएम विजय कुमार यादव ने शुक्रवार को कोसली के सैनिक विश्राम गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान काफी अनियमितताएं देखने को मिली।

एसडीएम ने जिला सैनिक बोर्ड के सचिव व लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को शिकायत भिजवाई है। करीब 4 करोड़ की राशि से कोसली में पूर्व सैनिकों की मांग पर विश्रामगृह का पुनर्निर्माण कराया गया है। इस विश्रामगृह के बनने के बाद काफी समय तक पुरानी बिल्डिंग का मलबा यहां पड़ा रहा, जिसे उठवाने के लिए खुद कोसली के विधायक अनिल यादव को हस्तक्षेप करना पड़ा।



रेवाड़ी। सैनिक विश्राम गृह का निरीक्षण करते हुए एसडीएम विजय कुमार।

### अधिकारियों को पत्र भेजा

इसके अलावा विधायक के कहने पर विश्रामगृह में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी सैनिक बोर्ड की ओर से नियुक्त किए गए। अभी भी सैनिक रेस्ट हाउस की स्थिति ठीक नहीं है, जिसे देखने के लिए शुक्रवार को एसडीएम विजय कुमार यादव ने दौरा किया। रेस्ट हाउस में लिफ्ट को लगाने का काम अधूरा पड़ा हुआ है। सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। शहीद स्मारक भी जीर्ण-शीर्ण हालत में है। एसडीएम ने निरीक्षण करने के बाद जिला सैनिक बोर्ड के सचिव एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजकर इसकी हालत में सुधार करने के निर्देश दिए हैं। सैनिक रेस्ट हाऊस का उचित ढंग से रखरखाव हो तो यह पूर्व सैनिकों या उनके परिचित के ठहरने के लिए एक बेहतर स्थान बन सकता है।

## लैक्रोस चैंपियनशिप में रेवाड़ी ने जीता सिल्वर

कोसली। लैक्रोस एसोसिएशन ऑफ हरियाणा की ओर से जिला चरखी दादरी के गांव कादमा में डा. राजेश की अध्यक्षता में तीसरी हरियाणा जूनियर स्टेट लैक्रोस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिला रेवाड़ी की जूनियर टीम में ने शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर पदक जीता। लैक्रोस एसोसिएशन रेवाड़ी के प्रधान विनय ने बताया कि फाइनल मुकाबला रोहतक व रेवाड़ी के बीच खेला गया। दोनों टीम के बीच मुकाबला काफी रोमांचक रहा। कोच अंकित कुमार और नीरज ने कहा कि टीम के सभी खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन टीम वर्क का परिचय दिया। हैप्पी तुंबाहेड़ी को टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार से भी नवाजा गया। सरपंच राजेन्द्र यादव, देवेन्द्र सिंह जुड्डी, जितेन्द्र सिंह व जयपाल सिंह सहित गणमान्य लोगों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



रेवाड़ी। खिलाड़ियों को सम्मानित करते आयोजक।

## शराबी ने फोन पर दी करंट की झूठी सूचना

### बिजलीकर्मियों और पुलिस में मचा हड़कंप

- कॉल रिसीव होते ही बंद किया गया फीडर, तीन गांवों की बिजली रही गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जैनाबाद एक व्यक्ति ने शुक्रवार देर सायं बिजली सब स्टेशन फोन करके सूचना दी के उसके घर पर बिजली का काम चल रहा है। एक व्यक्ति को करंट लग गया है। इस सूचना के बाद निगमकर्मियों ने तुरंत जैनाबाद फीडर की पावर सप्लाई बंद कर दी। इसके बाद निगम के कर्मचारी पुलिस को सूचना देकर फोन करने वाले के घर पहुंच गए। वहां पहुंचने पर पता चला कि फोन पर झूठी सूचना दी गई थी। बाद में पुलिस ने फेक कॉल करने वाले को अपने साथ डहीना पुलिस चौकी ले गई। इस दौरान करीब 1 घंटे तक तीन गांवों की बिजली बाधित रही। लगभग 7 बजे पावर हाउस के सरकारी नंबर पर सूचना मिली कि जैनाबाद में एक व्यक्ति को करंट लग गया है, इसलिए तुरंत गांव की बिजली बंद की जाए। जैनाबाद फीडर से ढाणी ठेठरबाढ़ और निमोठ गांव भी जुड़े हुए हैं। फोन पर सूचना मिलते ही पावर हाउस से जैनाबाद फीडर की बिजली बंद कर दी गई। फोरमैन राजकुमार लाइनमैन को साथ लेकर मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान डायल-122 पर भी सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस भी फोन करने वाले के घर पहुंच गई। वहां पहुंचने पर पता चला कि पावर हाउस में झूठी सूचना दी गई थी। किसी को करंट नहीं लगा था।बाप-बेटे के बीच चल रहा झगड़ाफोरमैन राजकुमार ने बताया कि मौके पर पहुंचने पर पता चला कि फोन करने वाले व्यक्ति ने शराब का सेवन किया हुआ था। उसका बेटे के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसी बीच उसने पावर हाउस में झूठी सूचना देकर बिजली बंद करवा दी। चूंकि फोन सरकारी नंबर पर किया गया था, इसलिए फोन करने वाले को पुलिस ले जाया गया।

वहां झूठी सूचना देने के बारे में लिखित में लिया गया। उसके बाद ही बिजली आपूर्ति चालू की गई। लगभग एक घंटे तक तीनों गांवों में अंधेरा छाया रहा।

डीटीपी की लगातार चल रही कार्रवाई के बावजूद बाज नहीं आ रहे कॉलोनाइजर व डीलर

# तीन एकड़ की अवैध कॉलोनी पर चला डीटीपी का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने शुक्रवार को रेवाड़ी-नारनौल रोड स्थित गांव गांगोली की राजस्व सीमा में अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी-नारनौल रोड स्थित गांव गांगोली में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 3 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को जमींदोज कर दिया। टीम ने 7 डीपीपी, 3 परिकास्ट चारदिवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया। इसके अलावा टीम ने नारनौल रोड पर अवैध रूप से विकसित हो रहे निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।



रेवाड़ी। नारनौल रोड पर अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### प्लॉट खरीदने से पहले पूछताछ जरूर करें: सिहाग



डीटीपी मंदीप सिहाग।

डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अनियमित कॉलोनियों में निर्माण किए हैं। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।

## 'सफर कितना भी मुश्किल हो-प्रभु आसान कर देंगे' कार्यक्रम कल

रेवाड़ी। हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में प्रभु चरणों में समर्पण का कार्यक्रम 'सफर कितना भी मुश्किल हो-प्रभु आसान कर देंगे' का आयोजन 18 जनवरी को पंजाबी धर्मशाला में किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि नई दिशा युवा मंच के प्रधान एडवोकेट निशांत यादव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व आईएमए के पूर्व प्रधान डा. दीपक यादव विशिष्ट अतिथि रहेंगे। संस्था की ओर से गो-क्रांति मिशन हरियाणा के संरक्षक प्रदीप डागर, जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट दयानंद आर्य, शिक्षाविद सुनीता शास्त्री, वक्ता कुमारी श्रुति आर्य का अभिनंदन व उल्लेखनीय सेवा करने वाले साथियों को सम्मानित किया जाएगा।



# बॉर्डर 2 का ट्रेलर देख खड़े हुए रोंगटे, सनी के कायल हो गए फैंस

**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर फैंस के बीच रिलीज से पहले ही क्रेज देखा जा रहा है। फिल्म का ट्रेलर सामने आए तो फैंस काफी खुश हुए। बॉर्डर 2 के ट्रेलर में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी आर्मी, नेवी और एयरफोर्स ऑफिसर के रूप में नजर आए। सभी की एक्टिंग की झलक ट्रेलर में देखने को मिली। लेकिन, फैंस को सबसे ज्यादा सनी देओल ही भाए। एक यूजर्स ने लिखा, 'सनी देओल स्क्रीन पर ईमानदारी से अभिनय करते हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सनी देओल की स्क्रीन प्रेजेंस सॉलिड है।'इसी तरह के कमेंट्स कई फैंस ने सनी देओल को लेकर किए। खास ट्रेलर में सनी देओल के कहे गए डायलॉग सोशल मीडिया यूजर्स को काफी पसंद आए हैं। वहीं, कुछ लोगों को दिलजीत दोसांझ भी एयरफोर्स ऑफिसर के रोल में खूब जंचे। फिल्म के ट्रेलर में वरुण धवन और अहान शेट्टी का अभिनय भी दर्शकों को पसंद आया। कुल मिलाकर सभी एक्टर्स, अपने-अपने किरदारों में खूब जमे हैं। फिर 'बॉर्डर' के फैंस रहे लोग, 'बॉर्डर 2' को लेकर एक्साइटेड हैं।

## लाइफ Style

# भूमि वेब सीरीज में दिखेगा बेखौफ अंदाज



मर्डर मिस्ट्री थ्रिलर 'दलदल' सीरीज का खौफनाक टीजर रिलीज हो चुका है। इस क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में भूमि पेडनेकर का दमदार लुक देखकर फैंस सरप्राइज हो गए हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'दलदल' के फर्स्ट लुक पोस्टर के बाद शुक्रवार को निर्माताओं ने इसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया है। इसके टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। वेब सीरीज 'दलदल' के टीजर में भूमि पेडनेकर डीसीपी रीता फरेरा के रूप में एक क्रूर हत्यारे का पीछा करते हुए एक जोखिम भरे खेल में नजर आती हैं। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज मुंबई क्राइम ब्रांच की नवनियुक्त डीसीपी रीता फरेरा की कहानी बताती है, जिनका किरदार भूमि सतीश पेडनेकर ने निभाया है।

रीता फरेरा को एक बेरहम हत्यारे से लड़ते हुए अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। 'दलदल' सीरीज में भूमि पेडनेकर के अलावा समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'दलदल' का प्रीमियर 30 जनवरी को भारत में और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों में प्राइम वीडियो पर होगा। बेस्टसेलर किताब 'भिंडी बाजार' पर आधारित 'दलदल' को सुरेश त्रिवेनी ने लिखा है और विक्रम मल्होत्रा और त्रिवेनी ने प्रोड्यूस किया है। इसका निर्देशन अमृत राज गुप्ता ने किया है।

## हॉलीवुड मसाला




# जोई सल्डाना ने तोड़ा स्कारलेट जोहानसन का रिकॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** 'अवतार' की नेत्री और एमसीयू की गमोरा ने नया इतिहास रचा है। जी हां, इन दोनों किरदारों को निभाने वाली जोई सल्डाना अब हॉलीवुड की सबसे अधिक कमाई करने वाली एक्टर बन गई हैं। उन्होंने स्कारलेट जोहानसन को पछाड़कर यह मुकाम पाया है। 47 साल की जोई को यह उपलब्धि उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर 'अवतारः फायर एंड ऐश' के कारण मिली है। जेम्स कैमरून की इस फिल्म ने एक्ट्रेस के पूरे कॅरियर के ग्लोबल बॉक्स ऑफिस कमाई को $16.8 बिलियन यानी 151530 करोड़ रुपए के पार पहुंचा दिया है। साल 1999 में 'लॉ एंड ऑर्डर' टीवी सीरज से एक्टिंग कॅरियर शुरू करने वाली जोई को अब तक 1 ऑस्कर अवॉर्ड, एक बाफ्टा अवॉर्ड, एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड, एक सीएजी अवॉर्ड और एक कान फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड मिल चुके हैं। वह 'टाइम' मैगजीन की 2023 की दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में जगह बना चुकी हैं।




# 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए लाइव काउंटडाउन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** यदि आप मार्वल स्टूडियो और सुपरहीरोज के फैन हैं, तो आपको भी यूट्यूब पर स्क्रॉल करते हुए अचानक एक सरप्राइज मिला होगा! मार्वल स्टूडियो ने अपनी अगली रिलीज 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए एक लाइव काउंटडाउन शुरू किया है। अभी इस फिल्म की रिलीज में पूरे 11 महीने की दूरी है। ऐसे में मन में सवाल उठता है कि फिर इतना लंबा काउंटडाउन क्यों? यकीनन, यह एक्साइटमेंट बढ़ाने वाला है, खासकर तब जब हजारो फैंस हर दिन कुछ ना कुछ देर तक इस काउंटडाउन पर घड़ी की 'टिक-टिक' की रहस्य जगाती आवाज सुन रहे हैं। अब फैंस की थ्योरी ये है कि फिल्म का टाइटल, डूम्सडे, सिर्फ डॉक्टर डूम के बारे में नहीं है। यह मार्वल यूनिवर्स के अंत का काउंटडाउन है। असल दुनिया में, 'डूम्सडे क्लॉक' जलवायु परिवर्तन, परमाणु युद्ध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे कारकों से प्रभावित होती है। इसी तरह 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का काउंटडाउन, एमसीयू और इसके मल्टीवर्स के अंत का सूचक हो सकता है। हमने 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' में इनकर्शन के बारे में सुना है।



# वीर से ब्रेकअप की खबरों के बीच पहली बार नजर आईं तारा

**मुंबई।** तारा सुतारिया इन दिनों अपने ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में हैं। वीर पहाड़िया से ब्रेकअप की खबरों के बीच अब पहली बार तारा सुतारिया नजर आईं। वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया एक बार फिर चर्चाओं में हैं। अक्सर अपने रोमांटिक पल और अफेयर को लेकर चर्चाओं में रहने वाला ये कपल, इस बार अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चाओं में हैं। पिछले लगभग एक हफ्ते से तारा और वीर के ब्रेकअप की खबरें सोशल मीडिया में छाई हुई हैं। इस बीच वीर अकेले नजर भी आए और उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट भी साझा की। अब ब्रेकअप की रूमर्स के बीच पहली बार तारा सुतारिया पैप्स के कैमरे में कैद हुई हैं। अपनी फर्स्ट पब्लिक अपीयरेंस में तारा अकेली ही नजर आईं, उनके साथ वीर पहाड़िया इस बार नहीं दिखे। जिसके बाद दोनों के ब्रेकअप की खबरों को और भी बल मिलता है।



# दृश्यम 3 की शूटिंग शुरू इशिता ने शेयर कीं तस्वीरें

**मुंबई।** अजय देवगन की ऑनस्क्रीन बेटी इशिता दत्ता ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'दृश्यम 3' के बारे में जानकारी शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। शुक्रवार से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इशिता दत्ता ने इंस्टाग्राम पर 'दृश्यम 3' के सेट से दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर 'दृश्यम 3' के क्लैपबोर्ड की है और दूसरी तस्वीर में इशिता अपनी वैनिटी वैन के सामने खड़ी नजर आ रही है। इन तस्वीरों के साथ इशिता ने कैप्शन में लिखा, 'क्या मुझे और कुछ कहने की जरूरत है। फिल्म 'दृश्यम 3' में पहले फिल्म के स्टार्स नजर आएंगे, जिनमें अजय देवगन, इशिता, तब्बू और श्रिया सरन मुख्य भूमिका में दिखेंगे। यह सस्पेंस थ्रिलर सीरीज का तीसरा और आखिरी हिस्सा होगा, जिसके लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## टीवी मसाला




# व्हील ऑफ फॉर्च्यूनः अक्षय लेकर आए पैसे कमाने का नया तरीका

**नई दिल्ली।** नए रियलिटी टीवी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो आ गया है, जो चर्चा बटोर रहा है। यह शो 27 जनवरी से शुरू होगा और इसे अक्षय कुमार होस्ट करते नजर आएंगे। अक्षय कई साल बाद टीवी पर बतौर होस्ट वापसी कर रहे हैं। साथ ही वह इस शो के जरिए दर्शकों के लिए नए तरीके से पैसे कमाने का मौका लेकर आए हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के प्रीमियर से पहले मेकर्स ने प्रोमो शेयर किया है, जिसमें अक्षय कुमार शो के फॉर्मेट के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो शुरू होता है तो अक्षय कुमार तीन कंटेस्टेंट्स के साथ बात करते नजर आते हैं। वह उनसे कहते हैं, 'मैं आप तीनों के लिए एक नई कैटिगरी लेकर आया हूं- पति पत्नी। फिर बजर टाइम का ऐलान करते हैं और व्हील ऑफ फॉर्च्यून दिखाते हैं। इसके बारे में अक्षय कहते हैं- स्पिन करो और विन करो। खास बात यह है कि अगर व्हील स्पिन करने पर नाग आ गया तो कंटेस्टेंट ने जितना भी पैसा जीता है, वह वापस चला जाएगा यानी कंटेस्टेंट से छिन जाएगा। प्रोमो में दिखाया गया है कि पहले कंटेस्टेंट को अक्षय कुमार एक पहेली सुलझाने का टास्क देते हैं। कंटेस्टेंट जो अक्षर बताता है, उसके साथ ही वह व्हील को घुमाता है। व्हील पर अलग-अलग रकम लिखी है और जहां-जिस रकम पर व्हील घूमने के बाद रुकेगा, उतनी रकम कंटेस्टेंट जीत जाएगा।

## लोगों ने पूछी काला नमक चावल की रेसिपी

**नई दिल्ली।** अर्चना पूरन सिंह एक बार फिर अपने नए व्लॉग को लेकर आ चुकी हैं। और इस बार उनके पति ही उनका मजाक उड़ाते नजर आए, वो भी शराब पीने को लेकर। अर्चना ने कहा कि कपिल शर्मा ने उनका नाम खराब किया है। फिर लोगों ने उनसे काला नमक चावल की रेसिपी पूछी। अर्चना पूरन सिंह अपने यूट्यूब चैनल पर 'आप का परिवार' नाम से एक नया व्लॉग लेकर वापस आ गई हैं। इस बार उनका पूरा परिवार घर पर साथ समय बिता रहा है और वे अपने रूटीन को कैमरे में कैद कर रहे हैं। व्लॉग के दौरान, अर्चना और उनके पति परमीत सेठी ने ब्रांड प्रमोशन और घर में कौन ज्यादा जगह घेरता है, जैसे मुद्दों पर मजेदार बातचीत की। डीडीएलजे एक्टर ने यह भी बताया कि एकता कपूर पर उनके खोए हुए अरमानी सूट के 2 लाख रुपए बकाया हैं। व्लॉग की शुरुआत में, सेठी परिवार ने एक साथ फुटबॉल मैच देखा, फिर वे अपने-अपने कामों में लग गए। अर्चना एक ब्रांड के साथ मीटिंग में शामिल हुईं, जिसका वे प्रचार करती हैं, और उन्होंने कहा, 'मीटिंग अच्छी रही।



# ओ रोमियो का पहला गाना रिलीज अरिजीत की आवाज ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** शाहिद कपूर की आगामी फिल्म ओ रोमियो का पहला गाना 'हम तो तेरे ही लिए थे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। इसके साथ ही विशाल भारद्वाज और गुलजार की जोड़ी एक बार फिर लौटी है, वो भी अरिजीत सिंह की आवाज के साथ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर में इस गाने की एक लाइन सुनने के बाद से ही फैंस गाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब शुक्रवार को मेकर्स ने ये गाना रिलीज कर दिया है। गाने में तृप्ति डिमरी और शाहिद कपूर के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। ये जोड़ी पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आ रही है। लेकिन गाने में दोनों की केमिस्ट्री देखकर ऐसा लगता है कि ये जोड़ी दर्शकों को पसंद आ सकती है। गाने की शुरुआत में तृप्ति डिमरी का किरदार कहता है, 'कोई कैसे किसी से इतना प्यार कर सकता है?' गाने में प्यार, रोमांस, केयर और इमोशन सबकुछ देखने को मिलता है।



## तृप्ति-शाहिद की रोमांटिक केमिस्ट्री

*शाहिद का रफ लवर का लुक काफी जचता है। वहीं एक झलक अविनाश तिवारी की भी दिखती है। हमेशा की तरह इस बार भी विशाल भारद्वाज की फिल्म में संगीत उन्हीं का है और गाने को लिखा गुलजार ने ही है। इस गाने को आवाज दी है प्यार का पर्याय बन चुके अरिजीत सिंह ने। गाना स्लो-रोमांटिक सॉन्ग है, जिसे आप सुनकर सुकून महसूस कर सकते हैं। विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को वेलेंटाइन वीक में रिलीज होगी। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और फरीदा जलाल जैसे सितारे शामिल हैं। पिछले दिनों फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया। अब दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।*

# ओटीटी पर इन फिल्मों और सीरीज ने दी दस्तक

**नई दिल्ली।** शुक्रवार 16 जनवरी को सिनेमाघरों में कई नई फिल्मों ने दस्तक दी है। मगर, इस कड़ाके की सर्दी में क्या आप घर बैठे ही कुछ शानदार देखना चाहते हैं? तो आपके वीकएंड को खास बनाने के लिए कई नई फिल्मों और सीरीज ने दस्तक दी है। सिनेमाघरों में इन दिनों बहार है। धुरंधर का खुमार अब तक उतरा नहीं है। वहीं, शुक्रवार को राहु केतु और हैप्पी पटेल जैसी फिल्मों ने भी दस्तक दी है। मगर, इस सर्द मौसम में अगर आप थिएटर जाने की बजाय घर बैठे ही कुछ रोमांचक देखना चाहते हैं तो ओटीटी के पिटारे में भी काफी कुछ खास है।

### मस्ती 4

लोकप्रिय फ्रेंजाईजी 'मस्ती' की चौथी कड़ी 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। इसे 16 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम किया जाएगा। इसमें रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी और विवेक ओबेरॉय जैसे सितारे हैं।

## यह वीकएंड होगा बेहद खास, मस्ती से 120 बहादुर तक



### 120 बहादुर

फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर बीते वर्ष नवंबर में रिलीज हुई थी। इसकी कहानी और सितारों के अभिनय की काफी तारीफ हुई। अब सेना की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म आज शुक्रवार से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह फिल्म आप पूरे परिवार के साथ बैठकर देख सकते हैं।

### भा भा बा

फिल्म 'भा भा बा' का लुत्फ भी आप इस वीकएंड पर उठा सकते हैं। यह 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। बता दें कि फिल्म 18 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें दिलीप और मोहनलाल जैसे साउथ सितारे हैं।

### गुर्रम पापी रेड्डी और कलमकावल

साउथ फिल्म गुर्रम पापी रेड्डी भी लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। वहीं, ममूटी अभिनीत फिल्म कलमकावल भी 16 जनवरी से सोनी लिव पर स्ट्रीम हो गई है।

### तस्करी द स्मगलर वेब

इमरान हाशमी इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'तस्करी द स्मगलर वेब' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह सीरीज 14 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। अगर आपने नहीं देखी है, तो इस वीकएंड इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का लुत्फ उठा सकते हैं। इसमें शरद केलकर, अमृता खानविलकर, नंदिश सिंह संधू, अनुराग सिन्हा और जोया अफरोज अहम भूमिकाओं में हैं।

## प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी थे खूब चर्चे

# ओपी को आशा से दिल लगाना पड़ा था भारी! लता से 36 का आंकड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ओपी नैय्यर फिल्म इंडस्ट्री के वो चमकते सितारे थे जिनके जाने के बाद भी उनके काम की चर्चा आज तक होती है। केवल प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनके खूब चर्चे थे। आशा भोसले के साथ 14 साल के रिश्ते ने उनकी जिंदगी बदलकर रख दी। परिवार से तो दूर हुए ही। प्यार भी नसीब नहीं हुआ।

### सड़क पर फेंक दिया अवॉर्ड

सिराज खां ने इस बारे में कहा था, 'नैय्यर साहब अपनी कार से वापस लौट रहे थे। उनकी कार में गीतकार एसएच बिहारी बैठे हुए थे। सड़क पर उस समय सन्नाटा था। अचानक नैय्यर साहब ने कार का शीशा नीचा किया और वो ट्राफी फेंक दी जो एक खंभे से टकराई। आखिरी आवाज जो उन्होंने सुनी, जैसे कोई चीज चूरचूर हो जाती है। उन्होंने बगल में बैठे हुए बिहारी साहब से कहा कि ये जो आपने ट्रॉफी टूटने की आवाज सुनी, इसके साथ ही आशा इज आउट ऑफ माई लाइफ... फॉएवर।'

### शमशाद और गीता दत्त से कर लिया था किनारा

ओ पी नैय्यर को नजदीक से जानने वाले सिराज खां ने बातचीत में बताया था, 'मेरा ख्याल है इस तरह का रिश्ता बॉलीवुड क्या हॉलीवुड में भी नहीं हुआ है। उनकी प्रोफेशनल रिलेशनशिप रोमांस में बदल गई और 1958 से लेकर 1972 तक यानी 14 सालों तक उनका साथ रहा। ये बहुत गहरा साथ था। आप सोचिये एक शादीशुदा शख्स जिसके चार बच्चे हैं और एक तलाकशुदा महिला खुलेआम बंबई में घूमा करते थे।' नैय्यर साहब ने खुद भी इंटरव्यू में कहा था, 'ये तो सुना था कि लंव इज ब्लाइंड, लेकिन मेरे मामले में लव ब्लाइंड के अलावा डीफ यानी बहरा भी था क्योंकि आशा की आवाज के अलावा मैं और कोई आवाज सुन नहीं पाता था।' यही कारण था कि उन्होंने शमशाद बेगम और गीता दत्त से खुद को किनारे कर लिया था।



### 1952 में आसमान से कॅरियर किया शुरू

साल 1926 में लाहौर में जन्मे ओपी नैय्यर ने 1952 में 'आसमान' फिल्म से अपना कॅरियर शुरू किया, लेकिन उन्हें असली पहचान गुरु दत्त की फिल्मों से मिली। 'रिदम किंग' और 'ताल का बादशाह' कहे जाने वाले नैय्यर ने 'आर पार', 'मिस्टर एंड मिसेज 55', 'सीआई डी' और 'तुम सा नहीं देखा' जैसी फिल्मों के लिए काम किया और उनके काम ने उन्हें हर तरफ जगमगा दिया। जितनी उनके प्रोफेशनल लाइफ की चर्चा होती थी, उतनी ही पर्सनल लाइफ की भी। आशा भोसले के साथ उनके रिश्ते ने उनकी जिंदगी को झकझोरकर रख दिया। उसके बाद न तो वो अपने परिवार के रहे और न ही आशा भोसले के हो पाए। आशा भोसले को सुपरहिट बनाने का श्रेय अगर किसी को दिया जा सकता है तो वो थे ओपी नैय्यर। उन्होंने आशा की आवाज और रेंज का फायदा उठाते हुए उन्हें मौके दिलवाए। उन्हीं की वजह से आशा भोसले को उनकी पहचान मिली जो आज भी हर किसी के दिल में बनी हुई हैं।

### 14 साल तक चला रिश्ता

मशहूर संगीत इतिहासकार राजू भारतन अपनी किताब 'अ जर्नी डाउन मेमोरी लेन' में लिखते हैं, 'ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के प्रति प्यार इस हद तक था कि एक बार उन्होंने बिना कोई शब्द कहे गीता दत्त का फोन रख दिया था। गीता दत्त ने सिर्फ ये पूछने के लिए फोन किया था कि मैंने ऐसी क्या खता की कि अब आप मुझे गाने के लिए नहीं बुलाते? 'ये वही गीता दत्त थीं, जिन्होंने ओ पी नैय्यर की पहले पहल गुरु दत्त से सिफारिश की थी। ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के साथ रिश्ता 14 सालों तक चला। एक जमाने में ओ पी नैय्यर की कैडलक कार में घूमने वाली आशा भोंसले ने 1972 में इस रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया।'

### हमेशा के लिए बना ली दूरी

इसके बाद आशा भोसले और ओपी नैय्यर ने एक साथ कभी कहीं कदम नहीं रखा। लेकिन, इससे पहले उन्होंने 'प्राण जाए पर वचन न जाए' फिल्म के लिए एक गाना रिकॉर्ड किया, जिसे 1973 का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। आशा उस इवेंट में नहीं गई थीं। ओपी नैय्यर ने उनकी तरफ से अवॉर्ड लिया और घर वापस लौटते समय उन्होंने वो ट्रॉफी चलती कार से सड़क पर फेंक दी।

### कुछ बड़े नेताओं का भाषण अपने आपको अहीरवाल क्षेत्र के भाग्यविधाता के रूप में पेश करने का प्रयास: पूर्व मंत्री

# प्रजातंत्र में भाग्यविधाताओं की नहीं जनसेवकों की आवश्यकताः डॉ. अभय सिंह

■ यदुवंशी स्कूल के वार्षिक आयोजन से हटकर पूरे अहीरवाल की राजनीति का प्रसाद मंच से बंटता हुआ दिखाई दे रहा था : अभय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पूर्व मंत्री डॉक्टर अभय सिंह यादव ने गत दिनों हरियाणा के पड़ोस में राजस्थान के गांव सोहली में यदुवंशी शिक्षा निकेतन के एक समारोह में कुछ नेताओं की ओर से उन पर किए गए कटाक्ष व मौखिक प्रहारों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कई बार अहंकारवश व्यक्ति अपने स्वयं के अस्तित्व को भूलकर भगवान की भूमिका में प्रवेश करते हुए भाग्यविधाता बनने की सीमा तक चला जाता है। प्रकृति जब किसी को सफलता देती है, तो सफलता के साथ कई बार आदमी सत्ता के नशे में सभी सीमाएं पार करने की कोशिश करता है। इस आयोजन में कुछ बड़े नेताओं की ओर से दिए गए भाषणों को सुनकर ऐसा लगता है कि कुछ तो अपने आपको इस समस्त अहीरवाल क्षेत्र के भाग्यविधाता के रूप में पेश करने का प्रयास कर रहे थे और कुछ एक दिन में ही अपने सारे अंक जमा करने के प्रयास में वफादारी का सार्वजनिक रूप से प्रमाण देने का प्रयास कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जहां एक और वह 2029 के चुनाव की टिकटें बांट रहे थे। वहीं युवाओं को आगे बढ़ाने की टाफी भी दे रहे थे, साथ पिछलग्गुओं के प्रति अपनी नापसंदगी भी बता रहे थे। वह भूल रहे थे कि पिछलग्गू ही उनके लंबे राजनीतिक जीवन का आधार रहे हैं। जिन व्यक्तियों ने अपने सारे राजनैतिक जीवन में पाला ही पिछलग्गुओं को हो तो ऐसे व्यक्तियों के मुंह से यह सब शोभा नहीं देता। इस आयोजन में विशेष बात यह थी कि यह आयोजन यदुवंशी स्कूल के वार्षिक आयोजन से हटकर पूरे अहीरवाल की राजनीति का प्रसाद मंच से बंटता हुआ दिखाई दे रहा था और नांगल चौधरी विधानसभा बार बार केंद्र में आ रही थी।

### अपने ऊपर किए कटाक्ष पर बोले पूर्व मंत्री



पूर्व मंत्री डॉक्टर अभय सिंह यादव ने कहा कि स्टेज से जोशीले भाषण देने वाले वक्ता इस बात का भी ध्यान नहीं रख रहे थे कि एक ही बात को एक ही व्यक्ति पर केंद्रित करके जब बार बार बोला जाता है, तो उनका यह प्रयास परोक्ष रूप से उस व्यक्ति के सापेक्षिक महत्त्व को भी इंगित करता है। वह यह भी भूल रहे थे कि जिस व्यक्ति को निशाना बना रहे थे, उनके पास इस क्षेत्र के उन किसानों की शक्ति की ढाल है, जिनकी उजड़ी खेती में हरियाली आ गई है। उसके साथ वह किसान ढाल बनकर खड़े हैं, जिनकी समृद्धि दिनों दिन बढ़ रही है। वह व्यापारी उस व्यक्ति के प्रशंसक हैं, जिनकी दुकानों पर ग्राहकों की चहल पहल बढ़ी है।

### दूसरों की उपलब्धियों पर दावे करना कद के अनुरूप नहीं

■ क्षेत्र के लोगों को काम प्यारा है नाम नहीं, परिणाम प्यारा है, नारे नहीं और विकास प्यारा है, विरासत नहीं

डॉ. अभय सिंह यादव ने कहा कि गांवों में लगातार बन रही बड़ी बड़ी कोठियां, बेरोजगार युवकों की ओर से अपने खेतों में काम करने की बढ़ती प्रवृति तथा क्षेत्र की मंडियों में सरसों व बाजरे की बिक्री के लिए हर साल लगने वाली ट्रैक्टर ट्रॉलियों की लंबी लंबी लाइनें उसके पीछे चट्टान की तरह खड़ी हैं। कुछ व्यक्तियों को अगर यह मुगालता है कि जिस तरीके से अनेक स्तर के षडयंत्रों के माध्यम से उसको चुनाव में पीछे धकेल दिया, उसी तरह वह उसकी राजनीति को खत्म कर देंगे, तो यह कोरा भ्रम है। यादव ने कहा कि समय रहते उनको इस बात का एहसास हो जाना चाहिए कि क्षेत्र के लोगों को काम प्यारा है नाम नहीं, परिणाम प्यारा है, नारे नहीं और विकास प्यारा है, विरासत नहीं। हर सरकार पर बिना व्यक्तिगत प्रयास के दक्षिणी हरियाणा के विकास की अवहेलना करने का आरोप अब बहुत पुराना हो चुका है। वह अब काम करने वाला नहीं है। यदि राजनीति में जिंदा रहना है, तो धरती पर आकर परिणाम तो देना ही पड़ेगा। दूसरों की उपलब्धियों पर दावे करना कद्दावर नेताओं के कद के अनुरूप नहीं है।



### अधिकारी ने रैन बसेरों का किया निरीक्षण


**नारनौल।** हरियाणा सरकार की ओर से प्रदेश में बढ़ती ठंड के मद्देनजर जारी निर्देशों की अनुपालना में जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने जिले में संचालित सभी रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति खुले में रात न बिताए। जिले में नगर परिषद व नगर पालिकाओं की ओर से कुल छह रैन बसेरे चलाए जा रहे हैं, जिनमें जिला मुख्यालय नारनौल में दो रैन बसेरे बस स्टैंड के नजदीक व नागरिक अस्पताल के पास तथा महेंद्रगढ़, अटेली, कनीना और नांगल चौधरी में एक एक रैन बसेरा स्थापित है। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार के आदेशानुसार इन सभी रैन बसेरों में किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए रात्रि ठहराव की व्यवस्था पूरी तरह निःशुल्क रखी गई है। निरीक्षण के दौरान लोगों के ठहरने के प्रबंध संतोषजनक पाए गए। उन्होंने रैन बसेरा संचालकों को निर्देश दिए कि सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक आगंतुक को कंबल, बिस्तर और साफ वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि समय समय पर इन रैन बसेरों का निरीक्षण जारी रहेगा ताकि व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कोताही न हो व सरकारी निर्देशों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जा सके।

### धुंध व कोहरे में सुरक्षित यात्रा के लिए एनएचएआई, टोल एजेंसी व जिला प्रशासन प्रयासरत

# हादसों से बचने के लिए चालक सड़क की बजाय रेस्ट एरिया में रोकें वाहन

एनएच 152 डी पर भारी वाहनों के लिए 80 व हलके वाहनों के लिए 100 किलोमीटर प्रति घंटे की गति निर्धारित

दलीप सिंह ▶▶| कनीना



**कनीना।** नेशनल हाईवे 152 डी से गुजरते वाहनों की गतिविधियों को कैद करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

धुंध एवं कोहरे के चलते सड़क हादसों में कमी लाने के लिए एनएचएआई, टोल एजेंसी व जिला प्रशासन के अधिकारी लगातार प्रयासरत हैं। नेशनल हाईवे 152 डी सहित महेंद्रगढ़ जिले से गुजर रहे विभिन्न स्टेट हाईवे पर रोड सेफ्टी को लेकर कदम उठाए जा रहे हैं। इस बारे में एनएच 152 डी पर बने टोल प्लाजा पर कार्यरत गावड कंस्ट्रक्शन एवं मेंटेनेंस प्रभारी नीरज कौशिक, एजीएम कुणाल प्रताप, टोल कलेक्शन सुपरवाइजर दिलखुश, ट्रैफिक मैनेजर गौरव पुंडीर, ऑपरेटर रविदत्त, स्टाफ सुपरवाइजर योगेश कुमार ने बताया कि ठंड व धुंध के मौसम कई बार वाहन चालक सड़क किनारे ही वाहन रोककर लघुशंका के लिए चले जाते हैं। हाईवे पर कई जगह बने अवैध अहातों, होटल व टी स्टाल को बंद कराने के लिए उपायुक्त व हाइवे अथॉरिटी को अवगत कराया गया है।

उन्होंने बताया कि इन स्टालों के सामने रोड पर अवैध रूप से चालक भारी वाहन रोक देते हैं, जिससे सड़क हादसा होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने बताया कि हादसों पर अंकुश लगाने के लिए वाहन चालक प्रत्येक 30 किलोमीटर के अंतराल पर बनाए गए रेस्ट एरिया में वाहन पार्क कर यात्रा सुखद व सुरक्षित रख सकते हैं। एनएचएआई की ओर से नारनौल से गंगहेड़ी तक 227 किलोमीटर के दायरे में कुल 16 टोल प्लाजा स्थापित किए गए हैं। जहां से प्रतिदिन हजारों छोटे बड़े वाहन गुजरते हैं। जाट गुवाना से बुचावास टोल प्लाजा तक हाईमास्क सहित करीब सैकड़ों लाइटें लगाई गई हैं। जिससे रात्रि के समय मार्ग जगमग रहता है। बिजली की सुचारू सप्लाई के लिए सोलर सिस्टम लगाया गया है।

### ओवरस्पीड के रोजाना 30 से 35 चालान

नीरज कौशिक ने बताया कि एनएच के इन 16 टोलगेट के माध्यम से एक अनुमान के आधार पर करीब 75 लाख रुपये का प्रतिदिन फीस कलेक्शन होता है, जो सीधा एनएचएआई के खाते में जाता है। वहां से 48 घंटे की अवधि में टोल एजेंसी को ट्रांसफर होता है। सीसीटीवी कैमरे से पूरे मार्ग को कंट्रोल किया जा रहा है। स्पीड गवर्नर की मदद से प्रतिदिन 30 से 35 वाहनों के ओवरस्पीड ऑनलाइन चालान जनरेट किए जा रहे हैं। सुरक्षित यात्रा के लिए भारी वाहनों के लिए 80 व हल्के वाहनों के लिए गति सीमा 100 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से निर्धारित की गई है। इस बारे में स्पीड गवर्नर से तीन सौ मीटर पहले रोड पर रेड एंड व्हाइट कलर में मार्किंग भी करवाई गई है।

### तिपहिया वाहन व पशु रेहड़ी पर प्रतिबंध

रोड सेफ्टी को लेकर नेशनल हाईवे पर दोपहिया, तिपहिया, बैलगाड़ा, उंटगाड़ी व तांगा चलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। जगह जगह स्पीड गवर्नर लगाए गए हैं, जो वाहनों की गति पर नियंत्रण रखने के लिए ऑनलाइन चालान में मदद करते हैं। हाई रेजुलेशन के पीटीए पुट टू जूम कैमरे 360 डिग्री पर घूम कर दिन रात पूरे घटनाक्रम को कैद करने में लगे हुए हैं। जिन पर ट्रैफिक मैनेजर व ऑपरेटर लगातार नजर बनाए रखते हैं।

### सर्दी व हादसों से बचाव के लिए उपाय जरूरीः डीसी

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि सर्दी के मौसम को देखते हुए कि वाहन चालक व आमजन शीतलहर की स्थिति से बचाव के उपाय करें। सुरक्षित यात्रा करें और प्रयास करें कि कोई भी व्यक्ति चाहे वह बेघर हो या अन्य खुले में न सोए। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए टोल फ्री नंबर 112 पर संपर्क करें। उन्होंने अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं, स्टाफ व हीटिंग सुविधाओं के साथ तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। डीसी ने कहा कि अत्यधिक ठंड के दौरान अनावश्यक बाहर जाने व यात्रा करने से बचें।

## न्यूज डायरी



### लघु सचिवालय पार्क में कराया सूर्य नमस्कार

**नारनौल।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में वाई ब्रेक प्रोटोकॉल के तहत लघु सचिवालय के पार्क में सूर्य नमस्कार के अभ्यास और इसके लाभों पर एक सत्र का आयोजन किया। योगाचार्य श्याम ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को व्यस्त कार्यसूची के बीच मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रखना है। उन्होंने कहा कि वाई ब्रेक के तहत प्रतिदिन 15 मिनट का एक लघु योग अभ्यास कर शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने सूर्य नमस्कार के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार 12 शक्तिशाली योग मुद्राओं का एक क्रम है। यह न केवल शरीर के लचीलेपन को बढ़ाता है, बल्कि रक्त परिसंचरण में सुधार कर एकाग्रता को भी तेज करता है।

### शहर में फिर चलेगा अतिक्रमण मुक्त अभियान

**महेंद्रगढ़।** अतिक्रमण मुक्त महेंद्रगढ़ अभियान के तहत एसडीएम कनिका गोयल ने दुकानदारों को सड़क पर व शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बरामदों में अतिक्रमण न करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि शनिवार सुबहशहर में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जाएगा और सड़कों पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम कनिका गोयल ने कहा कि महेंद्रगढ़ में दुकानदार शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बरामदे व सड़कों पर अपना कोई भी स्थाई या बेचने वाली वस्तु नहीं रखेंगे। सभी दुकानदार अपने अधिकृत क्षेत्र में ही अपना सामान रखें, जिससे आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### नियमों का उल्लंघन करने पर 10 वाहनों के काटे चालान

**महेंद्रगढ़।** यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 10 वाहन चालकों के पुलिस ने चालान काटे हैं और उन पर करीब 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दो बाइकों को इंपाउंड भी किया गया है। शुक्रवार को दुर्गा शक्ति टीम की इंचार्ज इंस्पेक्टर मीनाक्षी के नेतृत्व में शहर के मुख्य स्थानों पर नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों को खिलाफ सख्ती की गई। दुर्गा शक्ति टीम की इंचार्ज मीनाक्षी ने शहर के हुड्डा पार्क के नजदीक वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान वाहन चालकों के दस्तावेज व हेलमेट नहीं पहनने पर चालान किया गया है। उन्होंने बताया कि शहर के राजकीय महाविद्यालय, राजकीय महिला महाविद्यालय, महाराणा प्रताप चौक, राव तुलाराम चौक, हुड्डा पार्क के नजदीक वाहनों के चालान किए गए।

### 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर कल से

**महेंद्रगढ़।** संस्कृत भारती हरियाणा जिला संपर्क प्रमुख मास्टर दीपक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 जनवरी से 26 जनवरी तक हरियाणा संस्कृत भारती न्यास के सौजन्य से 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर महेंद्रगढ के मोदा आश्रम मंदिर के समीप दोपहर बाद 3 बजे से 5 बजे तक चलेगा, जिसमें सभी सामाजिक जन आम बोलचाल में संस्कृत भाषा सीख सकेंगे। इस कैंप के 10 दिन में संस्कृत भाषा में बोलचाल करेंगे। जो लोग संस्कृत भाषा में बोलचाल सीखना चाहते हैं वे सभी इस शिविर में भाग ले सकते हैं। इस शिविर में नागपुर से प्रचारक एवं अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख श्री मां शिरीष देव पुजारी जी मुख्य शिक्षक के रूप में रहेंगे। उद्घाटन में मुख्य रूप से जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मनोज शास्त्री रहेंगे। इस अवसर पर प्रांत संपर्क प्रमुख अशोक बुचौली, सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रोफेसर डॉ. सुमन यादव, विभाग अध्यक्ष योग डॉ. नवीन यादव सेंट्रल यूनिवर्सिटी, प्रोफेसर देवेंद्र, प्रोफेसर सुमित, डॉ. प्रवीण सैनी, हनुमान यादव, सरपंच सोनू यादव, सरपंच बुचोली सोनू, प्रधान रमेश बोहरा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका महेंद्रगढ़ एवं कुलदीप पार्षद तथा धर्मेंद्र सैनी आदि उपस्थित रहेंगे।

### विधायक ने जताया सीएम का आभार

**नारनौल।** पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव ने शहर की 13 अवैध कॉलोनियों को वैध घोषित करने के ऐतिहासिक निर्णय पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस कदम से शहर के हजारों परिवारों को बहुत बड़ी राहत मिली है, जो पिछले कई वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में संघर्ष कर रहे थे। विधायक ने कहा कि इन कॉलोनियों के नियमित होने के बाद अब यहां विकास के नए द्वार खुलेंगे। अब इन क्षेत्रों में पक्की सड़कों का निर्माण, आधुनिक स्ट्रीट लाइट व स्वच्छ पेयजल जैसी आवश्यक सरकारी सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध हो सकेंगी। जिससे स्थानीय निवासियों का जीवन स्तर बेहतर होगा।

# 364 ग्राम पंचायतों में आज से 31 तक होंगी ग्राम सभाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार को बाल भवन में ग्राम सभाओं के आयोजन के लिए बीडीपीओ व ग्राम सचिवों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एडीसी एवं सीईओ जिला परिषद राहुल मोदी ने की। इस मौके पर एडीसी मोदी ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने व उनकी जानकारी देने के लिए ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएगी, जिसमें केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओं के लाभार्थियों की सूची को रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्ति को ही योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है।

### ग्राम सभाओं की होगी वीडियोग्राफी

एडीसी ने अधिकारियों को ग्राम सभाओं के दौरान ग्राम पंचायतों में वर्ष 2024-25 व वर्ष 2025-26 के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं और उनके माध्यम से कराए गए विकास कार्यों जानकारी रखने के साथ ही ग्राम सभाओं की रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। सभी संबंधित अधिकारी अपने विभाग के कर्मचारियों को ग्राम पंचायतों में भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी बीडीपीओ को ग्राम सभाओं की मॉनिटरिंग करने तथा ग्राम सभाओं की फोटो व वीडियो भी करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीडीपीओ एचपी बंसल, जिला समाज कल्याण अधिकारी रेनूबाला, सभी बीडीपीओ, पीओ डीआरडीए अर्जुन लाल गुप्ता सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# कर्मचारियों ने किया राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** मीटिंग में भाग लेते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन (रजि. नंबर 41) संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की मीटिंग लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। मीटिंग का संचालन जिला सेक्रेटरी विजेंद्र शर्मा ने किया। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान कौशल यादव ने की। मीटिंग में राज्य कमेटी से राज्य महासचिव जनरल सिंह तथा राज्य प्रचार सचिव सुबह सिंह मौजूद रहे। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य 12 फरवरी 2026 को होने वाली राष्ट्रीय व्यापार हड़ताल की तैयारी को लेकर हुई।

महासचिव जरनैल ने सरकार की कर्मचारी विरोध नीतियों घोर आलोचना करते हुए कहा कि सरकार को 23 व 31 दिसंबर 2025 दिया गए हाई कोर्ट का आदेश मानते हुए कच्चे कर्मचारियों को रेगुलेजेशन पॉलिसी के तहत पक्का करना चाहिए। सन 1993, 1966, 2003 तथा 2011 की पॉलिसी में कवर होने वाले कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना चाहिए। गत 31 दिसम्बर 2025 को जिन कच्चे कर्मचारियों ने 10 साल की सेवा दी हैं, उनको भी पक्का किया जाए। सभी विभागों के लिए जो रेशनेलाइजेशन पॉलिसी को रद्द किया जाए। सरकार ने 29 लेबर कोड को खत्म कर 4 लेबर कोड बनाकर कर्मचारियों को कुचलने का काम किया है, उसको रद्द किया जाए। पुरानी पेंशन को बहाल किया जाए। कर्मचारियों को मिलने वाले धुलाई भत्ते को मासिक वेतन में दिया जाए। ग्रुप डी कॉमन केडर को रद्द किया जाए और विभागों में खाली पड़े पदों को कर्मचारियों का प्रमोशन कर भरा जाए। सरकार आठवें पे कमिशन के लिए समय से कमेटी गठित करे और आठवें पे कमिशन का लागू किया जाए।

### ये रहे मौजूद

इस मीटिंग में सर्व कर्मचारी संघ जिला सचिव राहुल सारवन, प्रदेश सचिव महेंद्र बोयत, ब्लॉक प्रधान सचिन रंगा, भीम सिंह, नरेंद्र कुमार,सतीश कुमार, ओमबीर सिंह, संजय कुमार, सुनील कुमार, परमबीर, कपिल, नरेंद्र, ब्रांच सचिव आदित्य व अनिल समेत अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

### यादव सभा एडहॉक कमेटी अनिवार्य व दैनिक प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन तक ही रहेगी सीमित

**महेंद्रगढ़।** यादव सभा महेंद्रगढ़ में गठित एडहॉक कमेटी की कार्यप्रणाली को लेकर उत्पन्न स्थिति के संबंध में जिला रजिस्ट्रार, फर्म्स एंड सोसायटीज, नारनौल द्वारा अपने कार्यालय से औपचारिक पत्र जारी किया गया है। उक्त पत्र में एडहॉक कमेटी के अधिकार-क्षेत्र को स्पष्ट करते हुए यह सुनिश्चित किया गया है कि संस्था का संचालन नियमों एवं अधिनियम के अनुरूप ही किया जाए। जिला रजिस्ट्रार ने अपने आदेश में स्पष्ट रूप से निर्देश दिए हैं कि एडहॉक कमेटी केवल अनिवार्य एवं दैनिक प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन तक ही सीमित रहेगी। कमेटी का दायित्व केवल अस्थायी व्यवस्था के अंतर्गत संस्था के नियमित कार्यों को सुचारू बनाए रखना है न कि किसी प्रकार के नीतिगत या दीर्घकालिक निर्णय लेना। इन आदेशों का ही परिणाम है कि एडहॉक कमेटी को संस्था के नाम पर किसी भी प्रकार की नई योजना, परियोजना या विकास कार्य प्रारंभ करने, वित्त समिति अथवा किसी अन्य उप-समिति का गठन करने तथा संस्था के बजट से बड़ी धनराशि व्यय करने का कोई वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं है।

**अभियान** एसपी के निर्देश पर पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान, सुरक्षा के लिए दिए कड़े निर्देश

# गणतंत्र दिवसः होटलों व धर्मशालाओं की ली गई तलाशी

■ होटलों, रेस्टोरेंट, लॉज और धर्मशालाओं का औचक किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से महेंद्रगढ़ जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई भी कोताही न बरती जाए। इसके लिए पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने जिले के सभी थाना प्रभारियों व पुलिस अधिकारियों को अलर्ट रहने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। एसपी के इन्हीं निर्देशों के अनुपालन में देर शाम जिलेभर में विशेष सुरक्षा एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके तहत पुलिस टीमों ने अपने अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख होटलों, रेस्टोरेंट, लॉज व धर्मशालाओं का औचक निरीक्षण किया।

इस सघन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने महेंद्रगढ़ के विभिन्न होटलों व धर्मशालाओं में ठहरने वाले आगंतुकों के रजिस्टरों और पहचान पत्रों की बारीकी से जांच की। पुलिस ने होटल संचालकों व प्रबंधकों को स्पष्ट हिदायत दी है कि किसी भी व्यक्ति को बिना वैध पहचान पत्र और पूर्ण सत्यापन के कमरा न दिया जाए। साथ ही एसपी पूजा वशिष्ठ की ओर से यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि सभी संस्थानों में लगे सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे चालू हालत में रहें और उनमें रिकॉर्डिंग की क्षमता हो, ताकि सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी सुदृढ़ रहे और किसी भी असामाजिक गतिविधि पर नजर रखी जा सके।





**नारनौल।** होटल के रजिस्टर की जांच करते पुलिसकर्मी तथा चेकिंग अभियान चलाती डॉग स्क्वॉड टीम। फोटो : हरिभूमि

### सुरक्षा को लेकर जारी रहेगा अभियान

होटलों के निरीक्षण के अलावा पुलिस बल ने जिले के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व मुख्य बाजारों जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर गश्त करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की तलाशी भी ली। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने जिले के आम नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। यदि उन्हें अपने आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति, लावारिस वस्तु या संदिग्ध गतिविधि दिखाई दें, तो वे तत्काल इसकी सूचना डायल 112 या नजदीकी थाना को दें। गणतंत्र दिवस समारोह के सकुशल संपन्न होने तक पुलिस का यह विशेष निगरानी अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### भीड़भाड़ वाले स्थानों पर की छानबीन

गणतंत्र दिवस पर जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने व सुरक्षा प्रबंधों को चाक चौबंद करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने कड़े दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसी कड़ी में सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के साथ अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर डॉग स्क्वॉड टीम के साथ सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान वहां मौजूद संदिग्ध वस्तुओं व व्यक्तियों की बारीकी से जांच की गई। पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए कि होटल, धर्मशाला, पार्किंग, मॉल व भीड़भाड़ वाले बाजारों की लगातार चेकिंग करें।

## देश को विकसित राष्ट्र बनाने में औद्योगिक क्रांति की अहम भूमिका

# आईएमटी बनने से क्षेत्र में विकास के नए द्वार खुलेंगे और युवाओं को मिलेगा रोजगार : राव


### कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने खेड़ा आलमपुर में स्वतंत्रता सेनानी स्व.लालचंद यादव की प्रतिमा का किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने में औद्योगिक क्रांति की अहम भूमिका रहेगी। औद्योगीकरण से जहां रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, वहीं आर्थिक सशक्तिकरण को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि पाल्हावास और आसपास के गांवों में प्रस्तावित आईएमटी के बनने से क्षेत्र में विकास के नए द्वार खुलेंगे और युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध होगा। उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह शुक्रवार को जिले के गांव खेड़ा आलमपुर में आयोजित कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी स्व. लालचंद यादव की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की बदौलत ही आज हम खुले वातावरण में सांस ले पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महापुरुषों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गांव और ग्रामीण क्षेत्र विकास की मुख्य धुरी हैं। सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में आईएमटी बनने से न केवल औद्योगिक विकास होगा, बल्कि सड़क, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं का भी विस्तार होगा। इससे क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठेगा। मंत्री ने कहा कि सरकार की नीतियों का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और संबंधित विभागों को निर्देश दिए जाएंगे कि जनहित के कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार और जनता के सहयोग से ही प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है और हरियाणा को एक आदर्श एवं विकसित राज्य बनाने का लक्ष्य अवश्य प्राप्त किया जाएगा।

#### भाजपा सरकार ने बिना किसी भेदभाव के काम किया: नरबीर

कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने पाल्हावास स्थित हनुमान मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं व मांगें सुनीं। ग्रामीणों ने मंदिर में टीन शेड बनाने सहित गांव में विकास कार्यों से जुड़ी विभिन्न मांगें रखीं। मंत्री राव नरबीर सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी जायज मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। इस मौके पर राव नरबीर सिंह ने कहा कि अगर दक्षिण हरियाणा के साथ भेदभाव होता, तो प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार कभी नहीं बनती। उद्योग मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिना किसी भेदभाव के काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के विकास कार्यों की बदौलत ही दक्षिण हरियाणा की जनता ने विधायकों को जिताकर भेजा है। किसी एक व्यक्ति विशेष के कहने से वोट नहीं मिलते है। राव नरबीर ने कहा कि सीएम कोई एक या पांच विधायक मिलकर नहीं बनाते। पार्टी प्रदेश के हित में फैसला लेती है। राव नरबीर सिंह ने कहा कि राजनीति में सबका अपने-अपने क्षेत्र में अलग वजूद होता है। वोट भाजपा के विकास कार्यों पर मिलते हैं, न कि किसी एक व्यक्ति के नाम पर मिलते है। उन्होंने कहा कि पहले दक्षिण हरियाणा के साथ वाकई भेदभाव होता था। लेकिन खट्टर और सैनी सरकार में दक्षिण हरियाणा के युवाओं को सबसे ज्यादा नौकरियां मिलीं है।



रेवाड़ी। स्वतंत्रता सेनानी स्व .लालचंद यादव को नमन करते राव नरबीर सिंह।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह।

#### आने वाले बजट में सभी वर्गों का रहेगा ध्यान

उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आने वाले बजट को लेकर प्रदेश के सभी वर्गों के हितों का विशेष ध्यान रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री लगातार किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों, कर्मचारियों, उद्यमियों और सामाजिक संगठनों से संवाद कर रहे हैं ताकि बजट पूरी तरह विकासपरक और जनहितैषी हो। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं होगा, बल्कि हरियाणा के भविष्य की दिशा तय करने वाला बजट साबित होगा। व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल नीतियां बनाई जाएंगी, जिससे प्रदेश में निवेश बढ़े और रोजगार के अवसर सृजित हों। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाला बजट हरियाणा की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा और प्रदेश को प्रगति के नए पथ पर ले जाएगा।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। कन्या के जन्म पर कुआं पूजने जाती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### कन्या जन्म पर कुआं पूजन कर मनाई खुशियां

**बावल।** बावल विस क्षेत्र के गांव बालावास जाट में कन्या जन्म पर परिवार ने कुआं पूजन समारोह का आयोजन कर समाज को संदेश दिया। सनी कुमार व रचना देवी के घर बेटी के जन्म पर कुआं पूजन व प्रतिभोज का आयोजन कर उत्सव मनाया गया। कन्या के दादा भीम सिंह व दादी दयावती ने कहा कि समय बदल रहा है और बेटियां हर क्षेत्र में प्रगति कर रही हैं। आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और समाज में नई पहचान बना रही हैं। कन्या की मां व पिता ने कहा कि पहली हो या दूसरी बेटियां किसी भी रूप में कम नहीं होतीं, इसलिए समाज को बेटियों के प्रति भी सकारात्मक रूख अपनाना चाहिए। इस अवसर पर दिनेश, आशा देवी, कैलाश देवी, नील, रियांस, राकेश, कविता, करण, प्रीतम, रितिका व मुस्कान सहित अनेक लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा करते हुए एडीसी राहुल मोदी। फोटो : हरिभूमि

### लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान करें अधिकारी: एडीसी

**रेवाड़ी।** एडीसी राहुल मोदी ने अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को लंबित न रखते हुए शीघ्र कार्रवाई करने और समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर रिपोर्ट अपडेट करने के निर्देश दिए है। एडीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में विभागाध्यक्षों के साथ समाधान प्रकोष्ठ पर आई शिकायतों की साप्ताहिक समीक्षा कर रहे थे। एडीसी मोदी ने कहा कि पुरानी सभी लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान करें। इसके साथ ही शिकायत के समाधान उपरांत एटीआर अवश्य अपलोड करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रि-ओपन शिकायतों की उचित कार्रवाई करें ताकि कोई भी शिकायत दोबारा न आए। एडीसी ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए नियमित निगरानी और त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बैठक में एसडीएम सुरेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### ठंड व शीतलहर से बचने के लिए एहतियात बरतें: डीसी



**रेवाड़ी।** ठंड व शीतलहर से बचाव के लिए हरियाणा राज्य राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। डीसी अभिषेक मीणा ने लोगों से सावधानी बरतते हुए शीतलहर आपदा से बचाव का आह्वान किया है। डीसी मीणा ने कहा कि शीतलहर के समय यथासंभव घर के अंदर ही रहे, ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। रेडियो व अन्य मीडिया से मौसम की जानकारी लेते रहें। बुजुर्ग और बच्चों का ठीक से देखभाल करें व ऐसे पड़ोसी जो अकेले रहते हैं, विशेषकर बुजुर्ग लोगों का हाल चाल पूछते रहें। गर्म तरल पदार्थ नियमित रूप से पिएं, इससे ठंड से लड़ने के लिए शरीर की गर्मी बनी रहेगी। डीसी ने कहा कि शरीर में ऊष्मा के प्रवाह को बनाए रखने के लिए पौष्टिक आहार एवं निर्जलीकरण से बचने के लिए शराब आदि का सेवन न करें। शीतदंश होने पर चिकित्सक की सलाह ले, जैसे संवेदनशून्य सफेद अथवा पीले पड़े हाथ और पैरो की उंगलियां, कान की लौ तथा नाक की ऊपरी सतह इत्यादि। हाइपोथर्मिया यानि शरीर का तापमान समान्य से कम होने जैसे अनियंत्रित कांपना, बोलने में दिक्कत, अनिद्रा, मांसपेशियों में अकड़न व सांस लेने में दिक्कत होन पर चिकित्सक की सलाह अवश्य लें।

### ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज

**कोसली।** क्षेत्र के गांव की एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना, छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में केस दर्ज कराया है। विवाहिता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी तीन वर्ष पूर्व ढोरका गांव के मंदीप से हुई थी। उसकी शादी में उसके पिताजी ने अच्छा खासा दहेज दिया था, लेकिन शादी के कुछ समय पश्चात ही उसके ससुराल वालों ने दस लाख रुपए की मांग कर उसे परेशान करना शुरू कर दिया व मना करने पर मारपीट करने लगे। गत वर्ष अगस्त में उसके ससुर ने उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। उसने अपने आप को किसी तरह बचाया तथा अपने पति को फोन पर जानकारी दी, लेकिन पति ने उसकी कोई बात नहीं सुनी तथा घटना बारे किसी को बताने पर उसे व परिवार को जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद उसने समस्त जानकारी अपनी सास और ननद को दी तो उन्होंने उसके साथ ही मारपीट की। ससुर ने उसके 20 महीने के लड़के को छीनकर उसे घर से निकाल दिया। सूचना के बाद उसके पिता और गांव के लोग ससुराल पहुंचे तो ससुराल पक्ष ने उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया व गाली गलौज की। तब से वह अपने मायके में रह रही है। इसके बाद पीड़िता ने नाहड़ पुलिस चौकी में शिकायत दी। पुलिस ने मीडिएशन सैल से काउंसलिंग कराने के बाद शुक्रवार को आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### अयोध्या राम मंदिर के उपलक्ष्य में भंडारा 20 को

**महेंद्रगढ़।** अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण के उपलक्ष्य में राम भक्तों की ओर से महेंद्रगढ़ शहर के सिनेमा रोड पर भंडारे का आयोजन 20 जनवरी को किया जाएगा। यह भंडारा सिनेमा रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के नजदीक आयोजित होगा। जानकारी देते हुए बिशन दयाल नावां, सतीश निंभेड़िया एवं अशोक खेड़ा ने संयुक्त रूप से बताया कि इस बार तीसरे विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। प्रभु श्रीराम की कृपा से यह धार्मिक आयोजन हर वर्ष श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न कराया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।



### ओएससी वर्ग की मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रेवाड़ी।** सेवा स्तंभ के प्रधान भगत सिंह बौद्ध की अध्यक्षता में अभी हाल ही में जारी विभिन्न भर्तियों के विज्ञापन में ओएससी वर्ग के साथ हो रहे भेदभाव को लेकर मुख्यमंत्री व एससी आयोग के नाम एसडीएम सुरेश कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। जिला प्रधान भगत सिंह बौद्ध ने बताया कि अभी हाल ही में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से स्टेनो-टाइपिस्ट सहित विभिन्न कुल 1759 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया है, जिसकी अंतिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित है, लेकिन विज्ञापन में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण नीति के अनुरूप पदों का निर्धारण नहीं किया गया है। नियमानुसार अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 349 पद आरक्षित किए जाने चाहिए थे, जबकि विज्ञापन में केवल 336 पद ही दर्शाए गए हैं, जो कि निर्धारित आरक्षण कोटे से 13 पद कम हैं। यह स्थिति स्पष्ट रूप से आरक्षण नीति का उल्लंघन एवं अनुसूचित जाति वर्ग के प्रति भेदभावपूर्ण व्यवहार को दर्शाती है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग को डीएससी व ओएससी (दो उप-वर्गों में वर्गीकृत किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार इन दोनों वर्गों को समान अनुपात में अवसर प्रदान किया जाना अनिवार्य है। इस मौके पर आरपी सिंह दहिया, सूबे सिंह रेवड़ियां, होशियार सिंह अहरोदिया, रामनिवास गोठवाल, सत्यप्रकाश नैचाना, लक्ष्मीबाई लिसाना, राजेश सुलखा, एडवोकेट टेकचंद, सतबीर सिंह, विकाश आनंद, सतप्रकाश थिरान व राजपाल बिठवाना उपस्थित थे।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना उपभोक्ताओं को दे रही आर्थिक राहत : लक्ष्मण सिंह यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और म्हारा गांव जगमग गांव योजना के प्रचार-प्रसार तथा आमजन को इसके लाभों से अवगत कराने के उद्देश्य से गांव कापड़ीवास में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने की। इस मौके पर विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि यह योजना न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करती है, बल्कि स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में भी सहायक है। उन्होंने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आम नागरिकों को अपने घर की छत पर सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाकर मुफ्त बिजली प्राप्त करने और सरकार की ओर से दी जा रही सब्सिडी का लाभ उठाने की पूरी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि योजना की जानकारी अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को अपनाने का आग्रह किया। विधायक ने योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी के चेक भी वितरित किए।



रेवाड़ी। योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

#### बचत को लेकर चर्चा

इस अवसर पर डीएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता पी के चौहान ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और इससे मिलने वाले लाभों की विस्तार से जानकारी दी। उपभोक्ताओं, डीएचबीवीएन अधिकारियों और सोलर वेंडर्स के बीच सीधा संवाद हुआ, जिसमें योजना से जुड़ी प्रक्रिया, सब्सिडी, सोलर रूफटॉप स्थापना और बिजली बिल में होने वाली बचत को लेकर चर्चा की गई।

### अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया सूर्य नमस्कार



**रेवाड़ी।** पुलिस विभाग, आयुष विभाग तथा हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस लाइन में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस विभाग के 100 से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक लाइन ऑफिसर एसआई विजय कुमार व सतीश कुमार ने प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया तथा इसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। जिले में स्वामी विवेकानंद जयंती से स्वामी महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती 12 फरवरी तक सूर्य नमस्कार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार से हृदय, यकृत, आंत, पेट, छाती, गला व पैर सहित शरीर के सभी अंगों को लाभ मिलता है। सूर्य नमस्कार 12 आसनों का एक संपूर्ण व्यायाम है, जिसके प्रत्येक आसन का प्रभाव शरीर के विभिन्न अंगों पर पड़ता है। आसनों के निरंतर अभ्यास से शरीर में लचीलापन एवं मजबूती आती है। प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने से शरीर में अकड़न नहीं रहती और व्यक्ति स्वयं को अधिक स्वस्थ एवं ऊजार्वान अनुभव करता है। उन्होंने बताया कि आमजन सूर्यनमस्कारहरियाणा.इन पोर्टल पर अपना व्यक्तिगत व संस्थागत पंजीकरण कर सहभागिता प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकते है।

## सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन

- एनएसएस इकाई एक से छवि व इकाई दो से वैशाली को मिला सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों की ओर से राजकीय विद्यालय ढालियावास में आयोजित सात दिवसीय विशेष कैंप का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में अर्बन लैंड मैनेजमेंट कंपनी के निदेशक व समाजसेवी त्रिलोक शर्मा ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने वर्तमान परिदृश्य में संस्कारों के महत्व पर विशेष जोर देते हुए छात्राओं से आह्वान किया कि वे केवल सकारात्मक ऊर्जा का प्रयोग करते हुए स्वयं में, अपने परिवार में तथा समाज में बदलाव लाने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र का प्रतिदिन जाप करके हम अपने जीवन में निश्चित रूप से सकारात्मक ऊर्जा ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता का सम्मान ही सच्चा धर्म है। इस मौके पर स्वयंसेविकाओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रा छवि व खुशी की कविता व पारुल का डांस सराहनीय रहा।



रेवाड़ी। एनएसएस कैंप के समापन पर छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए।

#### स्वयंसेविका समाज में बदलाव लाने में सक्षम

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डा. ज्योति यादव ने स्वयंसेविकाओं को संदेश दिया कि वे शक्ति का प्रतीक है तथा अगर वे जिद पर आ जाए तो समाज में कोई भी बदलाव लाने में सक्षम है। उन्होंने सात दिवसीय कैंप के सफल संचालन के लिए कार्यक्रम अधिकारी डा. रजनी, डा. रेनू व सभी स्वयंसेविकाओं की सराहना की। स्टाफ सचिव डा. सुनीता ने मंच संचालन किया।

## पुलिस टीम का अभियान जारी, अब तक नशे से पीड़ित 62 लोगों का करवाया इलाज

- शुक्रवार को एक नशा पीड़ित की पहचान कर डी एडिक्शन सेंटर में करवाया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले को नशामुक्त बनाने को लेकर जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम लगातार प्रयास कर रही हैं। शुक्रवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में नशा मुक्त टीम ने गांव चौकी नंबर-2 व कुमरोधा में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। नशामुक्ति टीम ने शुक्रवार को एक नशा पीड़ित व्यक्ति की काउंसलिंग कराकर डी एडिक्शन सेंटर में भर्ती भी करवाया। पुलिस टीम ने अब तक नशे से पीड़ित 210 लोगों की पहचान की है, जो किसी न किसी प्रकार के नशे से पीड़ित है। इसके अलावा 62 नशा पीड़ितों का इलाज कराया गया है।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

निरीक्षक रामपाल ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास भी किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है, कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे।

**मौसम** कोहरे के कारण रेल और सड़क यातायात दोनों प्रभावित

## तापमान में वृद्धि, तेज धूप खिलने से बढ़ा पारा

- सरसों की फसलों को पाला पड़ने का खतरा बरकरार किसानों को बरसात का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जनवरी का आधा महीना निकलने के बाद ठंड पीक की ओर बढ़ रही है। रात का तापमान तेजी से गिर रहा है, जिससे पाला भी जमने लगा है। तेज बर्फीली हवाओं ने जनजीवन प्रभावित किया हुआ है। कोहरे के कारण रेल और सड़क यातायात दोनों प्रभावित हो रहे हैं। तीन दिन से सुबह तेज धूप निकलने के बाद लोगों को कड़ाकें की ठंड से राहत मिल है, लेकिन सुबह व शाम के समय ठंड का प्रकोप जमकर परेशान कर रहा है।

शुक्रवार को तेज धूप और दिन के बढ़े हुए तापमान ने हाड़ कंपाने वाली ठंड से कुछ हद तक राहत प्रदान करने का काम किया है। हालांकि कुछ इलाकों में फसलों पर पाला जमा है। इस सप्ताह के अंत में मौसम में बदलाव की संभावना जताई जा रही है।

शुक्रवार को सुबह हल्के कोहरे के बाद सूरज की चमक ने कड़ाके की ठंड का असर कम कर दिया। अधिकतम तापमान 4.0 डिग्री बढ़कर 25.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जिससे दिन के समय ठंड का असर काफी कम रहा। न्यूनतम तापमान भी माइनस से प्लस में आ गया। यह 1.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 2.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गत वर्ष की तुलना में रात का तापमान सामान्य से काफी कम और दिन का तापमान ज्यादा बना हुआ है। गत वर्ष 16 जनवरी को अधिकतम तापमान 17.5 और न्यूनतम 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग का अनुमान है कि दो दिन बाद मौसम में बदलाव आ सकता है। आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी भी हो सकती है। तब तक तापमान में और वृद्धि दर्ज की जा सकती है, जो हाड़ कंपाने वाली ठंड का असर कम रखेगी।



रेवाड़ी। शुक्रवार शाम को शहर में छाया हल्का कोहरा। फोटो : हरिभूमि

#### लगातार बढ़ रही किसानों की चिंता

बीते साल जनवरी माह में बारिश होने से किसानों को काफी राहत मिली थी। इस बार अच्छी बूंदाबांदी तक नहीं हुई है, जिससे सूखी ठंड फसलों के लिए नुकसानदायी साबित होने लगी है। दो दिन तक तक पूरे जिले में पाला जमने के बाद तीसरे दिन कुछ इलाकों में हलका पाला देखने को मिला। पाला जमने के कारण सरसों की अगेती फसल को नुकसान होने का अंदेशा है। नुकसान का पता लगभग एक सप्ताह बाद लगना शुरू होगा। इस समय किसान बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अगर अच्छी बारिश होती है, तो इससे फसलों को अच्छा फायदा मिलेगा।